

## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण

▸ पुलिस अधीक्षक ने दिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश

**बड़वानी, (नवभारत)।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नवागत एसपी पद्म विलोचन शुक्ल द्वारा 8 मात्र को को जुलवानिया क्षेत्र के चिन्हित ब्लैक स्पॉट एबी रोड़ आशीर्वाद कट पॉइंट और ग्राम देवला रोड (द राजहंस होटल के पास) का निरीक्षण कराया गया।

एसपी ने संबंधित अधिकारियों को ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। साथ ही यातायात संकेतक, बैरिकेडिंग एवं जागरूकता बढ़ाने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### एसपी ने दी नियमों की जानकारी

निरीक्षण के दौरान ग्राम देवला रोड स्थित ब्लैक स्पॉट पर एक महिला दोपहिया वाहन से रॉन्ग साइड से अपने ग्राम देवला की ओर जाती हुई पाई गई। इस पर एसपी शुक्ल द्वारा वाहन को रुकवाकर महिला को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही भविष्य में इस तरह की गलती दोबारा न करने की समझाइश दी गई।

उन्होंने बताया कि रॉन्ग साइड वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है, इसलिए सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करना आवश्यक है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर, थाना प्रभारी यातायात बड़वानी और थाना प्रभारी जुलवानिया सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

#### पुलिस बोली : रॉन्ग साइड से बचे लोग...

पुलिस द्वारा आमजनों से अपील की गई है कि सड़क पर सुरक्षित आवागमन के लिए यातायात नियमों का पालन करें तथा रॉन्ग साइड वाहन चलाने से बचे।

## गायत्री शक्ति पीठ में मनाया फाग उत्सव

**पानसेमल/खेतिया (नवभारत)** गायत्री शक्ति पीठ खेतिया में फूलों के संग तथा फूलों से होली का कार्यक्रम आनंद से मनाया। कार्यक्रम में गायत्री धाम जामली आश्रम से पधारे युग साधक श्रद्धेय पंडित डॉ मेवालाल पाटीदार की उपस्थिति में एवं उन्हीं के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति ने अपने मन के दूषित विचारों को बिदा करके अच्छे विचारों को अपनाया जाए और समाज सेवा करते-करते समाज सुधार की आवश्यकता हो। ऐसा अवसर निर्माण किया जाए। रासायनिक रंगों के उपयोग से बचा जाए। ताकि समाज में उच्च कोटि का सुधार होकर देश सेवा को प्राथमिकता देना चाहिए।

तहसील सह समन्वयक तथा गायत्री शक्ति पीठ खेतिया के कार्यवाहक ट्रस्टी संजय कुमार शिरोडे ने बताया कि सभी गायत्री परिजनों तथा गायत्री महिला मंडल के सदस्यों में खुशी तथा आनंद की लहर उमड़ पड़ी। एक आनंदी वातावरण निर्माण हुआ। परम पुज्य गुरुदेव आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा जी एवं वंदनिया माताजी के सुक्ष्म संरक्षण में गायत्री परिवार आगे बढ़कर समाज में कुरीतियों को समाप्त कर 21वीं सदी की ओर राष्ट्र को आगे बढ़ाने के निरंतर प्रयास किए जाते हैं। कार्यक्रम में ट्रस्ट प्रमुख त्र्यंबक पाटिल, वरिष्ठ प्रकाश शार्दूल, गजानंद राठौर, तेरसिंह तड़वे, सुमित अग्रवाल, सुमित चौधरी, योगगुरु कृष्णकांत सोनी, अनीता धाडनेकर, सवित्ता शिरोडे, हीराबाई चौधरी, अलका चौधरी तथा गायत्री परिजन एवं महिला मंडल उपस्थित रहे।



### ▸ नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं में देखा गया खासा उत्साह

**पानसेमल।** नगर सहित आसपास ग्रामों में रविवार सुबह से दोपहर तक रंगपंचमी के त्यौहार में समूचा नगर रंगीन नजर आया। वहीं एक्का-दुक्का दुकानों को छोड़कर नगर की समस्त छोटी-बड़ी दुकानें बंद नजर आई, तो वहीं रंगों के इस त्यौहार में विशेषकर युवा वर्ग में ज्यादा जोश और उल्लास देखने को मिला। जो एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर फिल्मी और लोक गीतों पर नाचते झुमते दिखाई दिए, तो वहीं सुरक्षा व आवश्यक बंदोबस्त को लेकर पानसेमल थाना प्रभारी मंशाराम वगेन पुलिस पार्टी के साथ सातत भ्रमण करते हुए नजर आए। तो वहीं नगर में बच्चों सहित वरिष्ठजनों ने रंग गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई शुभकामनाएं दी।



## रंगपंचमी पर जरूरतमंदों तक पहुंचाया भोजन

**बड़वानी, (नवभारत)** रंगपंचमी पर शहर में हर कोई जब रंगपंचमी मनाने में मशगूल रहा। वहीं इस बीच शहर के अजित जैन मित्र मंडल ने अपनी सेवा का नियम बरकरार रखा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए जरुरतमंदों तक भोजन पहुंचाने का काम किया। इस सार्थक प्रयास से कई भूखे लोगों को राहत मिली।

जैन ने बताया कि रंग पंचमी पर कई दुकानें बंद होने से खाने पीने के कई लोगों को परेशान होना पड़ा। मुख्य रूप से शहर में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों सहित अन्य जिलों से आए मरीजों के परिजनों और कई लोग जो बाहर से आए थे, वे भोजन और नाश्ते के लिए इधर-उधर भटकते रहे। ऐसे में कई भूखे लोगों को भोजन कराकर तृप्त किया।

### 1998 से सेवा कार्य में लगे

1998 से सेवा कार्य में लगे अजित जैन ने बताया कि 2013 में दो वृद्ध ब्रह्माण दंपत्ति से भोजन की शुरुआत हुई थी। इस पुनीत कार्य में अशोक मुकाती, महादेव दलाल, रितेश मायरिया, पप्पु केवट सहयोग कर रहे हैं।

## लाइनमैन दिवस पर किया सम्मान

**बड़वानी, (नवभारत)।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वृत्त में शनिवार को लाइनमैन दिवस पर ऊर्जा कीर्ति सम्मान समारोह महावीर नगर स्थित शुभम पैलेस में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्युत वितरण प्रणाली में दिन-रात कार्य करने वाले लाइनमैनों के योगदान को प्रोत्साहित करना था।




उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाईन कर्मचारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में लगभग 200 अधिकारियों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में लाईन/तकनीकी कर्मचारी विशेष रुप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधीक्षण यंत्री अरविंद सिंह एवं सेवानिवृत्त अधीक्षण यंत्री जेआर कनखरे ने की कार्यक्रम में महीप सोनी, सखाराम खरते एकैलाश चोपड़ा, विद्या भुषण शुक्ला सहित कई मैदानी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

अधिकारियों ने सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह विद्युत दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए मैदानी कर्मचारियों को कार्य करना चाहिए वृत्त की विभिन्न इकाइयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 34 चयनित लाईन कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सुरक्षा के प्रति जागरुकता बरतने के लिए वीडियो के माध्यम से उपयोगी जानकारी दी। इस दौरान रस्सा कस्सी, चेअररेस आदि स्पर्धाएं भी हुई। कर्मचारियों ने सुरक्षा शपथ दिलाई। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से लगाए गए शिविर में लाइन स्टाफ/फिल्ड स्टॉफका हेल्थ परीक्षण भी कराया। कार्यक्रम का संचालन रीता बडोले एवं राह महाजन ने किया।

## एसपी ने किया निरीक्षण

▸ थाना क्षेत्रों का भ्रमण सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा।

**बड़वानी, (नवभारत)।** रंग पंचमी पर जिले में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से एसपी पद्मविलोचन शुक्ल ने कई थाना क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

एसपी ने संवेदनशील क्षेत्रों, प्रमुख एवं जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर अधिकारियों एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने तथा आमजनों के साथ समन्वय बनाकर त्यौहार को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के निर्देश दिए।



इस दौरान एसपी द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि रंग पंचमी का पर्व आपसी भाईचारे एवं सद्भाव के साथ मनाएं तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी दिनेश सिंह चौहान, रक्षित निरीक्षक चेतन सिंह बघेल, थाना प्रभारी बलजीत बिसेन सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं पुलिस बल मौजूद रहा।

## एक नजर में

### यूपीएससी में 8वीं रैंक हासिल कर बने आईएएस, पश्चाल सेक्रेटरी ने बढ़ाया अलीराजपुर-बाग का गौरव




**आलीराजपुर।** संघ लोक सेवा आयोग (PSC) की प्रतिष्ठित परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर 8वीं रैंक प्राप्त कर पश्चाल सेक्रेटरी बाग के आईएएस चयन से अलीराजपुर और बाग क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। उनकी इस ऐतिहासिक सफलता पर आलीराजपुर के नागरिकों, जैन समाज तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें और उनके परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। पश्चाल सेक्रेटरी बाग का संबंध अलीराजपुर के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं अधिवक्ता रहे स्व. प्रकाशचन्द्र जैन के परिवार से है। वे उनकी सुपुत्री दिप्ती जैन के पुत्र हैं तथा परमार्थ मेडिकल स्टोर के राहुल जैन (लक्की) और नानपुर निवासी मनीष जैन के भांजे हैं। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर जागरूक नागरिक मंच, आलीराजपुर के अध्यक्ष विक्रम सेन सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने पश्चाल सेक्रेटरी की इस शानदार उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। इधर, जैन पौराणिक परिवार नानपुर-आलीराजपुर के लिए यह अवसर दोहरी खुशी लेकर आया है। जहां एक ओर परिवार के भांजे पश्चाल सेक्रेटरी ने क्रस्ट में 8वीं रैंक प्राप्त कर आईएएस बनने का गौरव हासिल किया, वहीं दूसरी ओर परिवार के मनीष जैन की सुपुत्री प्रेक्षा जैन ने सीए इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण कर सीए फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया है।

### आदिवासी बाहुल जिले में झमकुड़ी बाई के नाम से प्रसिद्ध है अन्नू भाबोर, महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए अनेकों कार्य

**झाबुआ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस रविवार को देश और विश्व में मनाया गया। यह दिन महिलाओं की आत्मनिर्भरता, सशक्तिकरण और शोर्य गाथा को प्रकट करने का अवसर रहता है। साथ ही हर क्षेत्र में महिलाओं के जज्बे और सहभागिता की याद दिलाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरणा स्रोत अन्नू भाबोर एक ऐसी शख्सियत है, जिनके द्वारा आदिवासी समाज में महिला सशक्तिकरण, जन-जागरूकता और जन चेतना के अनेक कार्य किए गए है। आदिवासी बाहुल जिले में अन्नू भाबोर झमकुड़ी बाई के नाम से प्रसिद्ध है। अन्नू भाबोर ने शासकीय सेवा में रत रहते हुए जन-जागरूकता के भी विभिन्न कार्य प्राथमिकता से किए है। साक्षर भारत विभाग में वर्षों तक अपनी सेवाएं दी। इसी दौरान उनके द्वारा शासन-प्रशासन के माध्यम से नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आदिवासी समाज में व्याप्त कुरूतियो को दूर करने के प्रयास किए गए। जिसमें मुख्य रूप से बाल-विवाह, दहेज, दापा, शराब बंदी को लेकर नाटकों के माध्यम से आमजन में जागरूकता लाने के प्रयास किए गए। अन्नू भाबोर ने प्रशासकीय सेवाओं के साथ सामाजिक कार्यों में भी समान रूप से अग्रणी भूमिका का निर्वहन किया है। वर्षों तक प्रशासकीय सेवाओं में कार्यरत रहने के साथ लंबे समय तक जिले में जन-जागृति के कार्य अन्नू भाबोर द्वारा किए गए। साथ ही इनरव्हील क्लब, संस्कार भारती, अनमोल फाउंडेशन और रोटरी क्लब के माध्यम से भी सतत् अपनी सेवाएं दी जा रहीं है। आदिवासी समाज और भाषा का अच्छा ज्ञान - अन्नू भाबोर वर्तमान में शासकीय कार्य से सेवानिवृत होकर पूरी तरह से सामाजिक कार्यों में अपनी सेवाएं दे रहीं है। उन्हें आदिवासी समाज की परंपरा और रीति-रिवाज का अच्छा ज्ञान होने के साथ आदिवासी भाषा की भी अच्छी समझ है। इसी के चलते अन्नू भाबोर को आदिवासी बाहुल इस जिले में झमकुडी बाई के नाम से भी पहचाना जाता है। उनके द्वारा आदिवासी भाषा में गीतों के साथ मुख्य रूप से नाटकों की शानदार प्रस्तुति के चलते ना केवल जिले अपितु प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भी कई सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हो चुके है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान

▸ 14 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाने की अपील

**आलीराजपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शहीद छीतू किराड़ शासकीय महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में महिलाओं के सम्मान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती अनीता चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद अनीता चौहान ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेटियां घर की रौनक होती हैं और उनके होने से परिवार में संतुलन व व्यवस्था बनी रहती है। उन्होंने कहा कि जब किसी महिला को कोई जिम्मेदारी या पद दिया जाता है, तो उसे पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए, ताकि वह अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन सके। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भी सपना है कि देश की महिलाएं प्रगति करें और आत्मनिर्भर बनें। सरकार का लक्ष्य महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाकर आर्थिक रूप से सशक्त करना है।

उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि वे बच्चों की देखभाल मां की तरह करती हैं और उनके पोषण व शिक्षा के लिए निरंतर कार्यरत रहती हैं। स्वच्छ भारत मिशन के दौरान सुबह 4 बजे उठकर काम करने वाली आंगनवाड़ी बहनों के योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि जिले को ओडीएफ (खुले में शौच से मुक्त) बनाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सांसद श्रीमती चौहान ने 14 वर्ष तक की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगवाने की अपील करते हुए महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने आसपास की बेटियों को भी इसके लिए जागरूक करें, ताकि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की जा सके।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघमित्रा गौतम ने कहा कि महिलाओं में दोहरी जिम्मेदारी निभाने की अद्भुत क्षमता होती है। उन्होंने कहा कि महिला को दुर्गा बनने की आवश्यकता नहीं है, वह एक साधारण महिला के रूप में भी अपने कर्तव्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने महिलाओं से कार्यस्थल पर मानसिक रूप से मजबूत रहकर अपने व्यक्तित्व को सशक्त बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर थाना प्रभारी सोनू सितोले ने कहा कि जिले में कई महत्वपूर्ण पदों पर महिलाएं कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि जिले की कलेक्टर, सांसद, जिला पंचायत सीईओ और जिला पंचायत अध्यक्ष सहित कई विभागों में महिलाएं अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं यदि ठान लें तो कोई भी असंभव कार्य संभव बना सकती हैं।

कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सुश्री मोनिका बघेल द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। साथ ही जिले की प्रतिभावान बालिकाओं और महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें राष्ट्रीय स्तर की बॉक्सिंग खिलाड़ी सुश्री लावण्या बघेल और सुश्री मोनिका मंडलोई सहित कई आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया, जिसमें उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।

## कट्ठीवाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 26 पेटी अवैध बीयर जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**आलीराजपुर।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कट्ठीवाड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में बीयर जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के घर के बरामदे में सूखी घास के नीचे छिपाकर रखी गई 26 पेटी 'माउण्ट 6000' कंपनी की बीयर बरामद की है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 मार्च 2026 को थाना कट्ठीवाड़ा की पुलिस टीम अन्य अपराधों के अनुसंधान और आरोपियों की तलाश में क्षेत्र भ्रमण पर थी। इसी दौरान विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कोल्यारी होली फलिया निवासी सेवला पिता नाना मसानिया ने अपने घर के बरामदे में सूखी घास के नीचे बड़ी मात्रा में अवैध बीयर छिपाकर रखी है।

सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस टीम ने आरोपी के घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान बरामदे में रखी सूखी घास के अंदर से 26 पेटी 'माउण्ट 6000' कंपनी की बीयर बरामद की गई।

पूछताछ के दौरान आरोपी सेवला मसानिया (43 वर्ष) से शराब रखने या विक्रय करने के संबंध में वैध लाइसेंस मांगा गया, किंतु वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 36 के तहत कार्रवाई करते हुए शराब जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

इस संबंध में थाना कट्ठीवाड़ा में अपराध क्रमांक 21/2026 दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया है।

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका**–इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सोलंकी, सउनि यशवंत पाटीदार, म.प्रआर. सुनिता, प्रआर. चंदरसिंह, प्रआर. पारस, आरक्षक अनिल भूरा, आरक्षक विकास, आरक्षक जितेन्द्र नरगावे तथा आरक्षक आशीष की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही।

### जब्त सामग्री

कुल डिब्बे : 624 टीन (प्रत्येक 500 एमएल)
कुल मात्रा : 312 बल्क लीटर
अनुमानित कीमत : लगभग 62,400

**एक नजर** ▸ रंगों से पट्टी शहर की सड़कें, युवाओं ने ढोल, बाजे और ताशों पर जमकर किया नृत्य

## रंगपंचमी पर नगर पालिका परिषद् ने निकाली रंगारंग फाग यात्रा

**झाबुआ।** नगरपालिका परिषद् द्वारा रंग पंचमी के पावन अवसर पर 8 मार्च, रविवार दोपहर शहर के राजवाड़ा से रंगारंग फाग यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं के साथ हर आयु वर्ग के लोगों ने सहभागिता की।

युवाओं ने ढोल, बाजों और ताशों पर जमकर नृत्य किया। फाग यात्रा से शहर की सड़के रंगों से पूरी तरह पट गई?। वहीं रंगपंचमी के अवसर पर शहर में दिनभर लोगों में रंग खेलने और पर्व का उत्साह नजर आया। नगरपालिका परिषद् द्वारा रविवार दोपहर 11 बजे से राजवाड़ा से फाग यात्रा की शुरुआत की गई। जिसमें आगे बैंड-बाजों पर होली और धार्मिक गीतों पर युवाओं ने जमकर नृत्य किया। ढोल-मांदल के साथ आदिवासी नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा।






यात्रा में विशेष रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया, पूर्व सांसद गुमानसिंह डामोर, भाजपा जिला महामंत्री विजय चौहान, भाजपा खेल प्रकोष्ठ संयोजक शैलेष बिट्टू सिंगार, नगरपालिका अध्यक्ष कविता सिंगार, नपा उपाध्यक्ष लाखनसिंह सोलंकी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर पाठक के साथ भाजपा के पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता और वार्ड पार्षदगण शामिल हुए। गैर में वाहनों से लोगों पर रंगों की जमकर बौछार की गई। वहीं दो मशीनों से लोगों पर जमकर रंग बरसाया गया। रंगों से सराबोर होकर सभी ने होली खेलने का आनंद लिया। नगरपालिका परिषद् की ओर से सभी को रंगपंचमी की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### मुख्य बाजारों में दिखाई दी छुट्टी

मुख्य बाजार में व्यापारियों के प्रतिष्ठान भी बंद रहे। करीब 3.30 घंटे किया शहर भ्रमण -यह फाग यात्रा दोपहर 11 से 2.30 बजे तक निकाली गई। यात्रा शहर के राजवाड़ा से श्री गौवरधननाथ मंदिर तिराहा, आजाद चौक, बाबेल चौराहा, थांदला गेट, तेलीवाड़ा मोहल्ला, लक्ष्मीबाई मार्ग होते हुए पुनः समापन राजवाड़ा पर हुआ। जहां भी युवाओं की टोलियों ने रंग खेलने का आनंद लिया। उल्लेखनीय है कि रंगपंचमी को लेकर नगरपालिका परिषद् द्वारा शहर को फाग यात्रा के होर्डिंग्स, बैनर आदि से पाटा गया था।

### दिनभर बना रहा उत्साह

रंगपंचमी को लेकर शहर में दिनभर उत्साह और उल्लास का वातावरण रहा। बच्चों और युवाओं के साथ दोपहर में महिलाओं ने भी रंग खेलने का आनंद लिया। रविवार को शासकीय अवकाश होने से अधिकारी-कर्मचारियों के साथ व्यापारी वर्ग ने भी होली खेलने का आनंद उठाया। होली की मस्ती दिनभर शहर में छाई रहीं। देर शाम बाद बाजारों में विरानी भी देखने को मिली। इसके बाद भी लोगों में खासा उत्साह देखा गया।